Regarding ?Statue of Unity? in Gujarat

एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी **(नन्दुरबार) :** सभापति महोदया, मैं एक बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न पूछना चाहता हूँ कि केवडिया में, जहां स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाई गई है, उसके बारे में मैं एक गंभीर प्रश्न रखना चाहता हूँ । स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का जो चेस्ट लेवल है, जो कि 153 मीटर की हाइट पर है, वहां पर एक छेद किया गया है, ताकि वहां से गैलेरी व्यू मिले । वहां पर एक लेजर शो भी बनाया गया है । मैं आपसे यह भी कहना चाहता हूँ कि वहां पर एक शौचालय भी बनाया गया है । मैं मानता हूँ कि यह जो शौचालय है, यह अपमान की बात है । क्या देश के पूर्व केन्द्रीय मंत्री, स्वतंत्रता सेनानी और कांग्रेस के ज्येष्ठ नेता के स्टैच्यू के बीचोंबीच टॉयलेट करना अपमान नहीं है तो क्या है?

मैं इस सरकार से पूछना चाहता हूँ कि क्या यही राष्ट्रवाद है? क्या यही इनकी देशभक्ति है? मैं केन्द्र सरकार और राज्य सरकार से विनती करता हूँ कि इस शौचालय को वहां से हटाया जाए ।